हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 22 जनवरी 2026

06 1 करोड़ 61 लाख की धोखाधड़ी के प्रकरण में...



09 श्रम योगी मानधन व ई-श्रम योजना का व्यापक...





## खबर संक्षेप में

### केंद्रीय मंत्री बघेल आज पहुंचेंगे मां के दरबार

**नलखेड़ा।** माघ मास की गुप्त नवरात्रि में मां बगलामुखी के दरबार में राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों व अन्य सेलेब्रिटियों का पहुंचना लगातार जारी है। गुरुवार को भारत सरकार के मत्स्य पालन पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार मंत्री बघेल गुरुवार को रात्रि 8 बजे नलखेड़ा आएंगे और मां बगुलामुखी के दर्शन-पूजन करेंगे। तत्पश्चात नलखेड़ा से उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे।

### गोकुल शर्मा की भजन संध्या का कार्यक्रम आज सुसनेर में



**नलखेड़ा।** अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, हिंदू गौरव दिवस की वर्षगांठ पर सुसनेर में भजन संध्या का कार्यक्रम आज आयोजित किया जारहा है। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा राजस्थान द्वारा सांवरिया सेठ पर आधारित प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। टीम सेवा सारथी सुसनेर द्वारा 22 जनवरी को बड़ा जीन परिसर सुसनेर में सुप्रसिद्ध भजन गायक जिनके द्वारा सांवरिया सेठ पर आधारित प्रसिद्ध भजन मेरी गाड़ी मेरा बंगला, मेरा पैसा सब तेरा। सब कुछ तेरो सरकार, मेरा तो कुछ भी नहीं। जो चाहे नोट कमाना, सांवरिया चले जाना........ जैसे भजन से प्रसिद्धि पाने वाले भजन गायक गोकुल शर्मा की भजन संध्या कार्यक्रम सायं 7 बजे से आयोजित किया जा रहा है। भजन संध्या के आयोजक टीम सेवा सारथी द्वारा सभी सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर भजन संध्या को सफल बनाने की अपील की है।

## राज्यपाल जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में हुए शामिल

# हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों का संरक्षण करते हुए आगे बढ़ना होगा: राज्यपाल

राज्यपाल पटेल ने यह विचार मंगलवार को सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील के ग्राम मोगराखेड़ा में आयोजित जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में व्यक्त किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा ही बदलाव की सशक्त बुनियाद है। शिक्षा के माध्यम से ही परिवार, समाज और देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रत्येक बच्चे-चाहे वह बालक हो या बालिका-को शिक्षा के समान अवसर मिलना चाहिए। शिक्षित बच्चे ही एक मजबूत, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव रखते हैं।

राज्यपाल ने यह विचार मंगलवार को सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील के ग्राम मोगराखेड़ा में आयोजित जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में व्यक्त किए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल का परंपरागत जनजातीय रीति-रिवाजों एवं लोक परंपराओं के अनुरूप आत्मीय स्वागत किया गया। सम्मेलन में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनजातीय समुदाय के नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों का संरक्षण करते हुए आगे बढ़ना होगा। स्वामी विवेकानंद के प्रेरक कथन "उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" का उल्लेख करते हुए उन्होंने सभी से सतत प्रयास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने नशे को व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि नशा व्यक्ति को आर्थिक और सामाजिक रूप से खोखला कर देता है तथा देश के विकास में भी बाधक बनता है। उन्होंने नागरिकों से नशा त्याग कर स्वस्थ, सक्षम और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने जनजातीय समुदाय के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा के त्याग और बलिदान का स्मरण करते हुए बताया कि गुजरात के एकता नगर में भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने का प्रयास है, जिसके माध्यम से जनजातीय समुदायों को शासन की योजनाओं और सेवाओं से जोड़कर सशक्त बनाया जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार जनजातीय समुदाय को सशक्त और समर्थ बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छता, सड़क और कनेक्टिविटी सहित विकास की सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। उन्होंने जनजातीय समुदाय के नागरिकों से आह्वान किया कि वे शिक्षित और जागरूक बनें, शासन की योजनाओं का पात्रतानुसार स्वयं लाभ लें और दूसरों को भी लाभ दिलाने में सहयोग करें।

राज्यपाल ने सिकल सेल को एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी बताते हुए कहा कि यह जनजातीय समुदाय के विकास में बड़ी बाधा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस रोग को वर्ष 2047 तक समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय मिशन प्रारंभ किया है, जिसका शुभारंभ वर्ष 2023 में शहडोल जिले से किया गया था।

उन्होंने विवाह पूर्व सिकल सेल की जांच कराने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि भविष्य की पीढ़ियों को इस बीमारी से बचाया जा सके। कार्यक्रम में राज्य जनजातीय वित्त विकास निगम अध्यक्ष निर्मला बारेला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समापन पर सुनील बारेला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, जनपद सदस्य मेहरबान सिंह, सरपंच फिरका कैलाश बारेला, कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, एसडीएम सुधीर कुशवाह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

### नवनिर्मित पंचायत भवन का अवलोकन

राज्यपाल पटेल ने ग्राम मोगराखेड़ा में नवनिर्मित पंचायत भवन का अवलोकन किया तथा सभाकक्ष में महिला पंचों के साथ गांव की विकास गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। उन्हें बताया गया कि यह पंचायत पूर्णतः महिला प्रतिनिधित्व वाली है, जहां सरपंच सहित सभी पंच महिलाएं हैं और सभी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। राज्यपाल ने इसे महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

## मां बगलामुखी मंदिर पर गुप्त नवरात्रि में श्रद्धालु चला रहा निशुल्क भंडारा



बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्रहण कर रहे प्रसादी



**नलखेड़ा।** माघ मास की गुप्त नवरात्रि के दौरान एक श्रद्धालु द्वारा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुक भंडारा चलाया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। गुप्त नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन कन्या पूजन उपरांत सुबह 11 बजे भंडारा प्रारंभ किया जा रहा है जोकि सायं 5 बजे तक चलता है। गौरतलब है कि वर्ष की चैत्र नवरात्रि व शारदीय नवरात्रि पर्व पर मां बगलामुखी मंदिर के समीप पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा निशुल्क भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

# 330 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रयझविक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली आगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

पुलिस ने जानकारी देते हुए कि बताया 19 जनवरी की रात्रि में थाना कोतवाली आगर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नुरानी नगर सुसनेर निवासी फैजान पठान आगरझसुसनेर रोड पर माँ दुर्गा माताजी मंदिर, आमला के पास अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स अपने पास रखकर आगर की ओर जाने वाला है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा स्वतंत्र पंचों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये के व्यक्ति को पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक पारदर्शी पॉलीथीन में भरा 330 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स एवं एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ को विधिवत तौल कर सीलबंद कर वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ के क्रय विक्रय व अवैध परिवहन के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स 330 ग्राम कीमत लगभग 33 लाख तथा एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन 1 नग कीमत लगभग 1,20,000 जब्तशुदा मशरुका की अनुमानित कीमत 34,20,000 है।

## पीएम श्री में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



विकासखंड के पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। खेल महोत्सव अंतर्गत मंगलवार को जूनियर कक्षा 6-8 एवं सीनियर कक्षा 9-10 वर्ग की केरम रस्सा खींच और कबड्डी प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। बालक-बालिकाओं की अलग-अलग श्रेणियों में टीम वर्क, शारीरिक ताकत और रणनीति का शानदार मेल देखने को मिला। कबड्डी मैदान पर नन्हे रेडर्स के दमदार रेड और स्टॉपर्स के चुस्त टैकल, रस्सा खींच में टीमों की एकजुट चीख-पुकार और केरम में सटीक स्ट्रोक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तृतीय एवं अंतिम दिन बुधवार को महोत्सव का समापन बैडमिंटन खो-खो और क्रिकेट प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक-बालिकाओं ने इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र तथा विजेताओं को पुरस्कार विद्यालय के आगामी वार्षिकोत्सव समारोह में प्रदान किए जाएंगे।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 23 जनवरी को

**सीहोर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अब 23 जनवरी को दोहपर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। पहले यह बैठक 21 जनवरी को होनी थी, पर 21 जनवरी को कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस होने के कारण अब 23 जनवरी को होगी।

## शिक्षा की आड़ में हैवानियत का खेल, 70 साल के बुजुर्ग ने मासूम से 6 बार किया दुष्कर्म, अब सलाखों के पीछे !

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को शिकायत के आधार पर 70 वर्षीय आरोपी चंद्रभान त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

13 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी चंद्रभान त्रिपाठी (निवासी रफीकगंज) से पढ़ने जाती थी। घटना एक कमरे में हुई। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने पिछले छह महीनों में छह बार उसके साथ दुष्कर्म किया और कई बार छेड़छाड़ भी की। यह घटना 29 जून 2025 से 29 दिसंबर 2025 के बीच की बताई जा रही है। पीड़िता ने बताया कि हाल ही में आरोपी उसे मंदिर के पास एक कमरे में ले गया था। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। हालांकि, अन्य बच्चों के वहां आ जाने के कारण वह अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पाया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी चंद्रभान त्रिपाठी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65, 351 (2), 74, 127 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5L, 5F/6, 9f/10 के तहत मामला दर्ज किया है। एसडीओपी रोशन कुमार ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म और छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज की गई है।

## एक दिन पहले कांग्रेस ने सौंपा था ज्ञापन, बैठक रख सौंपी जिम्मेदारी

# मतदाता सूची पर घमासान, कांग्रेस ने लगाया नाम काटने का आरोप, जवाब में भाजपा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। एक तरफ जहां कांग्रेस ने सत्ताधारी दल पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने भी अपने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर बूथ स्तर पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं।

बता दें एक दिन पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाया कि बीजेपी नेताओं के दबाव में बीएलओ विपक्षी मतदाताओं के नाम सूची से काट रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की थी कि काम में लापरवाही करने वाले बीएलओ पर सख्त कार्रवाई हो।

### भाजपा की जवाबी तैयारी

कांग्रेस के हमलों के बीच भाजपा भी अलर्ट मोड पर आ गई है। बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि देश की निर्वाचन प्रणाली को सुरक्षित रखने के लिए यह प्रक्रिया जरूरी है। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने पार्षदों और कार्यकर्ताओं को बीएलओ के साथ समन्वय कर कार्य में तेजी लाने की जिम्मेदारी दी है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए नारा दिया बूथ जीता तो चुनाव जीता।

**दोनों दलों की पैनी नजर :** मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर दोनों ही दल आमने-सामने हैं।

जहां कांग्रेस वोट कटने के डर से सुरक्षात्मक कदम उठा रही है, वहीं भाजपा वोट जोडऩे और बूथ प्रबंधन के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है। इस खींचतान के बीच अब सारा दारोमदार जिला निर्वाचन विभाग पर है कि वह प्रक्रिया को कितनी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराता है।

## आगर-मालवा के किसान के सुझाव पहुंचेंगे मप्र के कृषि नीति निर्माताओं तक

**नलखेड़ा।** जिले के लिए यह अत्यंत गौरव, हर्ष एवं सम्मान का विषय है कि जिले के प्रगतिशील कृषक एवं जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ रामनारायण तेजरा को कृषक कल्याण वर्ष 2026 में कृषकों के लिए आयोजित कृषि आयामों की गतिविधियों की कार्य योजना तैयार करने भोपाल में आयोजित गोलमेज सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा मनोनीत किया गया है। गोलमेज



सम्मेलन कृषकों की उन्नति एवं खुशहाली, कृषि उत्पादन में वृद्धि, कृषि विभागीय योजनाओं में सुधार, कृषि में डिजिटलीकरण को बढ़ावा, कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने, तथा कम लागत में अधिक उत्पादन, डिलेवरी सिस्टम को सरल, सलभ एवं समयबद्ध करने एवं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित होगी। उक्त सम्मेलन में नलखेड़ा तहसील के ग्राम धरोला के निवासी रामनारायण तेजरा द्वारा आगर मालवा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले की कृषि व्यवस्था में सुधार, कृषक हितैषी नीतियों, नवाचार एवं व्यावहारिक सुझावों को शासन स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे जिले के किसानों को प्रत्यक्ष एवं दीर्घकालिक सुझाव प्राप्त होकर किसान सशक्त एवं समृद्ध होगा। यह मनोनयन न केवल तेजरा की व्यक्तिगत योग्यता, अनुभव एवं कृषक हित में किए गए सतत प्रयासों की पहचान है, बल्कि आगर मालवा जिले की कृषि क्षमता, जागरूकता और प्रगतिशील सोच का भी नतीजा हैं। जब आगर मालवा का किसान नीति निर्माण की मेज पर अपने सुझाव रखेगा तो जिले के साथ-साथ प्रदेश के किसानों एवं खेती की उन्नति होगी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार युको बैंक शाखा आगर द्वारा में संम्पत्ति भवन क्रमांक 131, वार्ड क्रमांक 22, विवेकानंद कॉलोनी आगर जिला आगर म.प्र. पर स्थित है, जो कि प्रमोद कोठारी व ललित कोठारी पुत्रगण चिमनलाल जी कोठारी निवासी आगर तहसील व जिला आगर मालवा म.प्र. के स्वामित्व की हैं जिसे मेरे पक्षकार के द्वारा बंधक किये जाने की कार्यवाही प्रचलित हैं। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो वह इस जाहिर सचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर लिखित में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में जमा करें, बाद सूचना के कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार के द्वारा बंधक कि गई सम्पत्ति पर किसी प्रकार का दावा करता हैं तो उसको होने वाली हानि की जवाबदारी उसकी स्वयं की होंगी।

**आदर्श जैन** अधिवक्ता
कार्यालयः- तोमर कंप्यूटर गली, के सामने सारंगपुर रोड, छावनी नाका, अगर मालवा- (म. प्र.)
मो : 8770272100, 9425083217

## खबर संक्षेप

### भव्य हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम होगा आज



**चापडा।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में जगह-जगह हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के चलते 22 जनवरी को चापडा में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारी विगत दो सप्ताह से नगर में की जा रही है। सम्मेलन में लगभग पांच हजार से अधिक संख्या आने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे पूर्व प्रतिदिन शाम को संध्या प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हो रहे हैं। पवन पाटीदार ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जहां पर हिंदू समाज को एक मंच पर बिठाकर एक साथ भोजन कराया जा रहा है। सभी के सहयोग से भंडारों का भी आयोजन हो रहा है। 22 जनवरी को चापडा में भी विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन होना है।

### बसंत पंचमी पर बाबा श्याम के अंग वस्त्र का होगा वितरण



**भौरासा।** नेवरी फाटा स्थित श्री बाबा खाटू श्याम मंदिर पर श्याम बाबा का अंगवस्त्र (पीला बसंती वस्त्र) जिसे प्रतिवर्ष वसंत पंचमी के दिन बदला जाता है का वितरण किया जाएगा। 23 जनवरी की सुबह बाबा श्याम का शाही अभिषेक किया जाएगा व अंगवस्त्र ब्रम्हमुहूर्त में बदला जाएगा। बाबा श्याम के अंगवस्त्र की बहुत महिमा है। सुबह 7 बजे से बाबा श्याम का अनमोल (पीला बसंती वस्त्र)अंगवस्त्र व बाबा का खजाना लुटाया जाएगा। 23 जनवरी को सुबह से ही वितरण कार्यक्रम शुरू कर दिया जाएगा। सुबह की आरती 8.30 बजे व शाम 7 बजे से ज्योत दर्शन, 7.30 से महाआरती व आरती के पश्चात 8 बजे से ताली कीर्तन प्रारंभ होगा जिसमें सभी भजन प्रवाहक आमंत्रित है।

### ऑपरेशन हवालात के तहत थाना पीपलरावां पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

# 1 करोड़ 61 लाख की धोखाधड़ी के प्रकरण में फरार आरोपी को इंदौर से किया गिरफ्तार

फर्जी आकाश बना रवि, धोखाधड़ी में वांछित इनामी आरोपी सहित सहयोगी भी गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा 01 नवम्बर 2024 से सम्पूर्ण जिलें मे "ऑपरेशन हवालात" की शुरूआत की गई है, जिसके अंतर्गत लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही गंभीर अपराधों मे फरार आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में थाना पीपलरावां के द्वारा संबंधी प्रकरण में अपराध क्रमांक 393/22 धारा 420,467,468,409,406 भादवि के उक्त प्रकरण के फरार 3,000/- का ईनामी आरोपी रवि पिता भगवान सिंह मुकाती निवासी पीपलरवां एवं आरोपी रवि को संरक्षण देने वाला आकाश पिता कैलाश चंद्रवंशी निवासी रनायल शाजापुर विगत 03 वर्षों से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहे थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध गौतम के नेतृत्व में "ऑपरेशन हवालात" के तहत विशेष टीम गठित की थी, जो कि मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयत्नशील थी । 19 जनवरी को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार 3,000/- का ईनामी आरोपी को जिला इंदौर में देखा गया है । जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया। उक्त टीम ने सफलतापूर्वक आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया । उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा "ऑपरेशन हवालात" के तहत 1 नवम्बर 2024 से आज दिनांक तक 810 फरार/स्थाई/गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया जा चुका है जिन पर कुल 1,64,500/-रुपए का ईनाम उद्घोषित था।

#### सराहनीय कार्य

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी पीपलरवां सुबोध गौतम,उनि विजेंद्र सिंह सोलंकी, प्रआर धर्मराज,आर देवेंद्र गोस्वामी,मनोज गुर्जर,रविन्द्र पटेल,आशा,पूजा,राजकुमार पटेल,अजय,धर्मेंद्र विश्वकर्मा,सैनिक धुलजी,दीपक,रविन्द्र जावरिया एवं सायबर सेल देवास की भूमिका रही।

# माता टेकरी पर दान पेटी खोली: 14.79 लाख से अधिक की राशि मिली

**दान में विदेशी मुद्रा भी मिली**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मां चामुंडा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति द्वारा बुधवार को माता टेकरी स्थित दान पेटी की गणना विधिवत रूप से संपन्न की गई। गणना के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई दान राशि और अन्य सामग्री का विवरण सामने आया।दान पेटी से कुल 14,79,232 की राशि नोटों एवं सिक्कों के रूप में प्राप्त हुई।

इसके अलावा दान पेटी में आभूषण और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं भी पाई गईं। दान में एक सोने जैसी अंगूठी, चांदी जैसी छोटी पायल की 2 जोड़ियां, एक छोटा स्वस्तिक (चांदी जैसा), चांदी जैसी 2 छोटी अंगूठियांएक नग चांदी जैसा माताजी का ठप्पा, एक नग चांदी जैसा आधा हाथ बना हुआ छोटा प्रतीक प्राप्त हुई। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा भी दान पेटी में प्राप्त हुई, जिसमे नेपाल के 10 रुपये के 2 नोट, 5 रुपये का 1 नोट और 1 रुपये का 1 नोटयूएई का 1 सिक्का, ऑस्ट्रेलिया का 1 सिक्का, ओमान का 50 बैसा का 1 सिक्का शामिल है।गणना में राजस्व विभाग का अमला मुख्य रूप से मौजूद रहा।

तहसीलदार सपना शर्मा, दीपिका पाव, कपिल गुर्जर सहित आरआई और पटवारियों ने मिलाकर दान गणना पूरी की।देवस्थान प्रबंध समिति के अनुसार समस्त गणना प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई तथा प्राप्त राशि व सामग्री को नियमानुसार सुरक्षित रखा गया है।

# राज्य कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार को देश के बड़े मान्यता प्राप्त संगठन मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी एवं उपाध्यक्ष दिनेश जिनवाल का कलेक्टर कार्यालय के अधीक्षक दिनेश वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

स्वागत समारोह में फारूक शेख, रमेश चंद्रावत, गोवर्धन माली, प्रशांत दुबे, चांदनी, वर्षा वर्मा सहित कलेक्टर कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल जोशी ने किया तथा आभार अक्षत पाटीदार ने व्यक्त किया।

# शहर के प्रताप नगर में नलों में आ रहा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित प्रताप नगर और आसपास की कॉलोनियों में बुधवार सुबह नगर निगम की जलप्रदाय लाइन से दूषित और बदबूदार पानी आया। इस घटना से क्षेत्र के रहवासी परेशान हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीन से चार दिन के अंतराल के बाद नल आए थे। पानी भरते समय करीब 15 मिनट तक मटमैला और बदबूदार पानी आता रहा। जब साफ पानी आना शुरू हुआ, तब तक निगम कर्मचारियों ने नल बंद कर दिए, जिससे कई लोग पीने योग्य पानी नहीं भर पाए।रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र का भूजल केमिकल युक्त होने के कारण वे पूरी तरह से नगर निगम की जलप्रदाय लाइन पर निर्भर हैं। ऐसे में दूषित पानी की आपूर्ति से उनकी परेशानी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ गया है।इस मामले में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि शिकायत मिलते ही निगम कर्मचारियों को तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का निवारण किया जाएगा।



# भारतीय मानक ब्यूरो अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय कमलापुर में हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




पीएम श्री शा.उ.मा.वि कमलापुर में प्राचार्य अनंत नागर एवं भारतीय मानक ब्यूरो से आए अमन मिश्रा के निर्देशन में भारतीय मानक ब्यूरो अंतर्गत स्टैण्डर्ड क्लब के सभी विद्यार्थियों के लिए तृतीय गतिविधि निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भारतीय मानक ब्यूरो से आए अमन मिश्रा ने बच्चों को सभी प्रकार के मानक और उनके स्टैंडर्ड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। भारतीय मानक ब्यूरो का इतिहास एवं इसकी मूल गतिविधियों जैसे- मानक निर्धारण , प्रमाणन, अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों आदि के बारे में बताया गया। तत्पश्चात क्लब सदस्यों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कक्षा 12वी के अजय बागवान रहे।

द्वितीय स्थान कक्षा 11वी के आर्यन प्रजापत ने प्राप्त किया तृतीय स्थान पर कक्षा 12वी की माही बानीवाल रही। विजेताओ को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र, स्टेशनरी किट के साथ नगद राशि शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई। अन्य सभी प्रतिभागियों को भी शिक्षकों द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्टेशनरी किट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नसरीन खान, महेश चंद्र बिंजवा सीताराम मालवीय, कैलाश कारपेंटर,उर्वशी तिवारी, रीना मंडलोई, अमृता रघुवंशी, दीपक बाघेला, नरेंद्र पटेल, प्रियंका अहिरवार, फौजिया खान सहित समस्त स्टाफ ने अपना विशेष योगदान दिया। मानक क्लब के मेंटर पंकज पाटीदार द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दो मेडिकल स्टोर के लाइसेंस पांच दिनों के लिए किए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अंतर्गत ड्रग इंस्पेक्टर कपिल नागर और पल्लवी जोक ने दो मेडिकल स्टोर्स पर कार्रवाई की। ड्रग इंस्पेक्टर नागर ने बताया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के अंतर्गत जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के अंतर्गत पाई गई अनियमितताओं के चलते मेडिकल स्टोर्स मेसर्स न्यू हरिओम मेडिकल स्टोर कन्नौद, मेसर्स पीताम्बरा मेडिकल स्टोर कन्नौद, मेसर्स नाहर मेडिकल पीपलरावां, मेसर्स संजीवनी मेडिकल कांटाफोड, मेसर्स लक्ष्मी मेडिको, कांटाफोड, मेसर्स शुक्ला मेडिकल स्टोर कन्नौद, मेसर्स सार्थक मेडिकल स्टोर हाटपीपल्या एवं मेसर्स देवेन्द्र मेडिकल स्टोर कन्नौद को कारण बताओ सुचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण माँगा गया। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मेसर्स न्यू हरिओम मेडिकल स्टोर, कन्नौद एवं मेसर्स शुक्ला मेडिकल स्टोर कन्नौद के लाइसेंस पांच दिवस के लिए निलंबित किए गए।नागर ने बताया कि अन्य मेडिकल स्टोर्स के सम्बन्ध में प्राप्त जवाबों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त, जनवरी माह में विभिन्न मेडिकल स्टोर एवं शासकीय संस्थाओ से गुणवत्ता परीक्षण के लिए 20 औषधि एवं कॉस्मेटिक नमूने जांच/परीक्षण के लिए शासकीय विश्लेषक, औषधि प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गए हैं, जिसमे विभिन्न प्रकार की टेबलेट, कैप्सूल्स, कफ सिरप एवम कॉस्मेटिक के नमूने सम्मिलित है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।




### जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का हुआ समापन, विजेताओं को किया पुरस्कृत

# विजेता खिलाड़ी संभाग व प्रदेश स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 16 से 20 जनवरी 2026 तक किया गया, जिसमें पिट्ठू, जूडो, बॉक्सिंग, हॉकी, टेबल-टेनिस, क्रिकेट, बैडमिन्टन, तैराकी, एथलेटिक्स, योगासन, मलखम्ब, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल, कुश्ती, फुटबॉल, शजरंज आदि खेलों का आयोजन जिले के विभिन्न खेल मैदानों पर किया गया। जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स के समापन अवसर पर श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम देवास में आयोजित कार्यक्रम में विजेता खिलाडियों को किया पुरस्कृत किया गया। विजेता खिलाड़ी संभाग एवं प्रदेश स्तर आयोजित गेम्स में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स के समापन अवसर पर श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि मेहनती खिलाड़ी ही खेलों में और जीवन में सफलता प्राप्त करते है। मध्य प्रदेश सरकार भी इस दिशा में लगातार प्रयत्नशील रहती है। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया व उप पुलिस अधीक्षक संजय शर्मा ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन यशवंत डागोरा ने किया एवं आभार जावेद पठान ने माना। बास्केटबॉल बालक में प्रथम खेल विभाग बास्केटबॉल सेन्टर देवास, द्वितीय खातेगांव, बालिका में प्रथम खातेगांव, द्वितीय खेल विभाग बास्केबॉल सेन्टर देवास, खो-खो में बालक प्रथम देवास, द्वितीय बागली, बालिका में प्रथम देवास, द्वितीय बागली, फुटबॉल बालक में प्रथम देवास, द्वितीय बागली, बालिका में प्रथम टोंकखुर्द, द्वितीय कन्नौद, रस्साकसी बालक में प्रथम देवास, द्वितीय कन्नौद, बालिका में प्रथम कन्नौद, द्वितीय सोनकच्छ, कबड्डी में बलाक में प्रथम संयुक्त विजेता सोनकच्छ-बागली, बालिका में प्रथम खातेगांव, द्वितीय देवास, वालीबॉल बालक में प्रथम वॉलीबॉल फीडर सेंटर देवास,द्वितीय खातेगांव, बालिका में प्रथम वॉलीबॉल फीडर सेन्टर देवास, द्वितीय खातेगांव रहा।इस दौरान गणेश पटेल, सुरेश सिलौदिया, राधेश्याम सोलंकी, अनिल श्रीवास्तव, दिलीप महाजन,अरूण रघुवंशी, विद्युत मालाकार, राजेन्द्र सिंह सेंधव, ओ.पी जगावत, सुधीर टोप्पो, ललित भण्डारी, प्रवीण सांगते, जितेन्द्र गोस्वामी आदि उपस्थित थे।




# आंनद उत्सव में महिलाओं ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पूरे प्रदेश में इन दिनों आनंद उत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत छतरपुर में मंगलवार के दिन आंनद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। आनंद उत्सव में ग्राम छतरपुरा नयापुरा की महिलाओं ने भाग लिया। सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार, सचिव सागर चौहान, सह सचिव नन्दकिशोर पाटीदार, शिक्षक सुनील पाटीदार सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भागवंता बामले संजना पटेल आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान रस्सी खेच, खो-खो, चेयर रेस आदि खेलों का आयोजन किया।

## खबर संक्षेप

### युवक ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**ललितपुर।** खांदी स्थित काशीराम कालोनी निवासी पूजा अहिरवार पुत्री राजू ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी को साढ़े चार बजे उसका भाई महेन्द्र अहिरवार को पड़ौस के रितिक वंशकार पुत्र स्व.बलुआ वंशकार, मोहिनी पत्नी रितिक व सीमा पत्नी बलुआ ने एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जंगली जानवर के हमले से बकरियों की मौत

**ललितपुर।** वन रेन्ज गौना के अंतर्गत ग्राम डोंगराकलां में देर रात जंगली जानवर ने देर रात घर में बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो बकरियों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में दहशत फैल गयी। गांव वालों का मानना है कि जिस प्रकार से बकरियों को मारकर उनका मांस खाया है, उससे देखकर यही प्रतीत होता है कि यह हमला किसी तेंदुए या लकड़बग्घा ने किया होगा। हालांकि इस पूरे प्रकरण में वन विभाग की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। घनी आबादी वाले इलाके में इस प्रकार की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। यदि जल्द ही सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो मानव जीवन को भी खतरा हो सकता है।

### महिला की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली के ग्राम पठाविजयपुरा निवासी पुष्पा पत्नी ग्यासी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पति के साथ गांव के ललित रजक पुत्र राजधर रजक व नरेश रजक पुत्र हरज्ञान रजक 15 जनवरी को पहले शराब पिलाकर उक्त दोनों व्यक्तियों ने उसके पति को रास्ते में रोकते हुये अकारण मारपीट कर गालियां दीं। आरोप है कि उक्त लोग उसके घर धारदार हथियार लेकर आये और अवैध धन की मांग करते हुये कहा कि रुपये नहीं दिये तो एस.सी.एस.टी. एक्ट में फंसा देंगे, जिससे उसका परिवार भयभीत हो गया। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और अपमानित किया। उनके पति मानसिक रूप से तनाव में था और उन्होंने इसी से आहत होकर 17 जनवरी को अपराह्न खेत में जाकर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पंजाब मेल एक्सप्रेस व खजुराहो मैमू में महिला यात्रियों के पर्स चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चन्देरी क्षेत्रांतर्गत रहने वाले अंकुर भार्गव पुत्र कृष्णकांत भार्गव ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 जनवरी को वह सुबह 9.50 बजे मुम्बई रेलवे स्टेशन से ललितपुर तक की यात्रा ट्रेन संख्या 12137 पंजाब मेल एक्सप्रेस के कोच नं. ए-2 के बर्थ संख्या 31 पर कर रहा था। बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन के पास उसकी पत्नी रूचि भार्गव का एक हैण्ड बैग जिसमें दो घड़ी, चार्जर, चाबियां, दवाईयां, एक चांदी की अंगूठी व 7 हजार रुपये नकद रखे हुये थे, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखेरा निवासी रेखा यादव पत्नी आजाद सिंह ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 19 जनवरी को सुबह करीब 11.45 बजे वह ललितपुर-खजुराहो मैमू संख्या 64648 में ललितपुर से टीकमगढ़ तक की यात्रा कर रही थी। इसी बीच रेलवे स्टेशन बिरारी में उसका लेडीज पर्स जिसमें पांचाली, झुमकी, 200 रुपये नकद व रेल टिकिट था किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं इसके साथ ही जीआरपी पुलिस ने देवगढ़ ओवरब्रिज के पास से पकड़ा गांजा और तस्कर को धरदबोचा है।

---

### असंगठित श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पहल

# श्रम योगी मानधन व ई-श्रम योजना का व्यापक प्रचार तेज



मजदूरों को जागरूक करते यूनियन अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

असंगठित कामगार मजदूर यूनियन संघ के अध्यक्ष अमित प्रजापति के नेतृत्व में नई बस्ती गांधीनगर क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को केंद्र सरकार की श्रम कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने गल्ला मंडी के पास मोटर साइकिल मिस्त्रियों की साइट पर पहुंचकर श्रमिकों से सीधा संवाद किया और उन्हें ई-श्रम कार्ड एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। यूनियन अध्यक्ष अमित प्रजापति ने बताया कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए ई-श्रम कार्ड एक पहचान पत्र के रूप में कार्य करता है, जिसके माध्यम से श्रमिक विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को तीन हजार रुपये की सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जाती है। श्रमिकों को योजना से जुड़ी पात्रता शर्तों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इस योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक उठा सकते हैं, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है। योजना के अंतर्गत श्रमिक को आयु के अनुसार प्रतिमाह अंशदान करना होता है, जिसमें केंद्र सरकार समान राशि का योगदान देती है। यह पूरी प्रक्रिया ई-श्रम कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाते के माध्यम से की जाती है। यूनियन पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि यह योजना केवल मजदूरों के लिए ही नहीं, बल्कि मोटरसाइकिल मिस्त्री, रेहड़ी-पटरी लगाने वाले, दुकानदार, छोटे व्यापारी, ठेले वाले, कारीगर और अन्य असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। मौके पर मौजूद श्रमिकों ने योजना की जानकारी को उपयोगी बताते हुए इससे जुड़ने में रुचि दिखाई। इस जन-जागरूकता अभियान के दौरान यूनियन के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अध्यक्ष अमित प्रजापति, महामंत्री महेंद्र झा, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, संयुक्त मंत्री नारायण कुशवाहा, सदस्य विवेक प्रजापति, प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र झा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को संगठित कर उन्हें उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का संकल्प दोहराया। यूनियन नेतृत्व ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि कोई भी श्रमिक सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे और हर कामगार का भविष्य सुरक्षित हो सकें।

#### क्या है प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना?

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए चलाई जा रही एक पेंशन योजना है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक अपनी आयु के अनुसार प्रतिमाह अंशदान करते हैं, जिसमें केन्द्र सरकार समान राशि का योगदान देती है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को तीन हजार रुपये प्रतिमाह की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है, जिससे असंगठित श्रमिकों का बुढ़ापा सुरक्षित हो सकें।

#### ई-श्रम कार्ड क्यों है जरूरी?

ई-श्रम कार्ड असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की पहचान का एक राष्ट्रीय दस्तावेज है। इसके माध्यम से श्रमिकों का पंजीकरण केन्द्र सरकार के डेटाबेस में होता है, जिससे भविष्य में मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सीधा लाभ श्रमिकों तक पहुंच सके। ई-श्रम कार्ड होने से श्रमिक सरकारी सहायता, बीमा और पेंशन जैसी योजनाओं से आसानी से जुड़ सकते हैं।

#### श्रमिकों में दिखा उत्साह

गल्ला मंडी क्षेत्र में मोटर साइकिल मिस्त्रियों और अन्य श्रमिकों को जब योजना की जानकारी दी गई, तो उन्होंने इसे अपने भविष्य के लिए उपयोगी बताया। कई श्रमिकों ने मौके पर ही ई-श्रम कार्ड बनवाने और श्रम योगी मानधन योजना से जुड़ने की इच्छा जाहिर की। यूनियन के इस प्रयास की श्रमिकों ने सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया।

---

### जिलाधिकारी ने 2027 के लिए बनाई टीम

# जिला स्तरीय 15 अधिकारियों को सौंपी जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जिले में जनगणना-2027 सम्पादित की जानी है, जिसके लिए जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय जनगणना समिति का गठन किया है, जिसमें जनपद, परगना एंव तहसील स्तर की जनगणना कार्य हेतु जिले के 15 अधिकारियों को नियुक्त किया है।

जनपद में जनगणना कार्य को सम्पादित किये जाने हेतु बुधवार को जनगणना निदेशालय के प्रतिनिधि प्रत्यूश यादव ने जिला स्तरीय जनगणना समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 के बाद वर्ष 2027 हेतु जनगणना कार्य प्रस्तावित है, जो फरवरी 2027 तक पूर्ण किया जाना है। जनगणना कार्य 2 चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में मई से जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा हाउस लिस्टिंग की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 तक लिस्टेड हाउसेस की जनगणना की जाएगी।

बताया गया कि इस बार जनगणना ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर की जाएगी, जिसमें 34 बिंदुओं पर सूचनाएं भरी जानी है। इसके लिए 2878 प्रगणक, 488 सुपरवाईजर, 42 फील्ड ट्रेनर व 2 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे। मास्टर ट्रेनरों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जाएगा, ये मास्टर ट्रेनर जनपद स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करेंगे और फील्ड ट्रेनर्स सुरपरवाईजर व प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे। इन कार्मिकों की नियुक्ति जनवरी से फरवरी 2026 तक की जाएगी और इनका प्रशिक्षण मार्च से अप्रैल 2026 तक होगा।

उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए जनपद में ग्राम रजिस्टर व नगर रजिस्टर एवं मलिन बस्तियों का डाटा तैयार कर लिया गया है और पाली व मड़ावरा तहसील के सम्भाजन ग्रामों को भी अद्यतन कर लिया गया है। इसके आधार पर जनगणना हेतु जनपद का मैप भी तैयार हो गया है। डाटा के अनुसार तहसील सदर में 198 ग्राम, महरौनी में 145 ग्राम, तालबेहट में 168 ग्राम, पाली में 106 तथा मड़ावरा में 133 ग्रामी शामिल है। जनगणना के लिए प्रत्येक ग्राम और वार्ड को ब्लॉक के रूप में बांटा गया है।

---

### टोल प्लाजा पर एनएचएआई के सहयोग से हुआ आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर लगाकर वाहन चालकों को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत एनएचएआई के सहयोग से बीघाखेत टोल प्लाजा पर निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कराकर वाहन चालकों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात पुलिस ने एनएचएआई के सहयोग से बीघाखेत टोल प्लाजा पर निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कराया गया, जिसमें वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सकें, दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां बैठाकर न चलाये, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन चालक व सहयात्री अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का प्रयोग करें, माल वाहक वाहनों में इंसानों का परिवहन न करें, बिना नंबर प्लेट के वाहन नहीं चलाएं।

---

# फसल बीमा को लेकर चिंतन बिना कर्ज लिए किसानों को बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा

**ललितपुर ।** किसान दिवस में नामित समस्त अधिकारी जिसमें सिंचाई, बिजली, वन विभाग, चकबन्दी एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे कृषि, उद्यान, सहकारिता, दुग्ध, पशुपालन विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर तथा फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा खरीफ 2025 की बीमा पॉलिसी अब तक न दिये जाने पर एवं खरीफ 2025 में गैर ऋणी कृषको की बीमा पॉलिसी रिजेक्ट किये जाने पर रोष प्रकट किया गया। जिसके क्रम में फसल बीमा कम्पनी प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि बीमा पॉलिसी पोस्ट ऑफिस को निर्गत कर दी गयी है तथा गैर ऋणी कृषको की बीमा पॉलिसी कृषको द्वारा अस्पष्ट एवं अपर्याप्त दस्तावेज अपलोड होने के कारण रिजेक्ट की गई है।




---

### अध्यक्ष नगर पालिका का फरमान, लापरवाही पर कार्रवाई

# गृहकर वसूली में दिए दिशा निर्देश डोर टू डोर वसूली करें कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनाली जैन द्वारा गृहकर वसूली की समीक्षा के दौरान दिये गये निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के माह जनवरी व फरवरी में गृहकर वसूली हेतु वार्ड वार कैम्प लगाये शहर के समस्त वार्डों में लगाये जा रहे है।

निर्देश के क्रम में दिनांक 20 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 11 मोहल्ला रावतयाना कैलगुंवा तिराहा के पास, रावतयाना, दिनांक 21 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 14 में स्थित रिसाला मंदिर के पास, दिनांक 22 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 03 घुसयाना में स्थित जामा मस्जिद के पास, घुसयाना, दिनांक 23 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 09 मोहल्ला कटरा बाजार में स्थित बाढ़ई के नीम के पास, (कटरा बाजार), दिनांक 24 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 12 मोहल्ला सिविल लाइन में स्थित माँ शारदा माता मन्दिर, पुराने सूचना केन्द्र के पास, दिनांक 25 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 08 मोहल्ला सिविल लाइन में स्थित जयराम यादव के राशन कार्ड के पास, दिनांक 27 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 13 मोहल्ला तालाबपुरा में स्थित श्री नृसिंह मन्दिर के पास, तालाबपुरा, दिनांक 28 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 01 मोहल्ला खिरकापुरा में स्थित बूढे.बाबा मंदिर के पास, खिरकापुरा, दिनांक 29 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 02 मोहल्ला गांधीनगर में स्थित श्री अरविन्द राजा पार्षद जी आवास के पास, गांधीनगर, दिनांक 30 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 04 नेहरू नगर सिद्धनपुरा में स्थित टोरिया माता मंदिर के पास, नेहरूनगर, दिनांक 02 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 11 मोहल्ला रावतयाना में स्थित कृष्णा मैरिज गार्डन के पास, रावतयाना, दिनांक 03 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 16 मोहल्ला आजादपुरा में स्थित सोनी मिलन पैलेस के पास, ललितपुर, दिनांक 04 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 07 मोहल्ला रामनगर में स्थित परिवार पैलेस के पास, ईलाइट चैराहा, दिनांक 05 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 22 मोहल्ला आजादपुरा में स्थित प्राईमरी स्कूल के पास, लक्ष्मीपुरा, दिनांक 06 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 10 मोहल्ला सिविल लाइन में स्थित सदनशाह के पास, सिविल लाईन, दिनांक 07 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 06 मोहल्ला नेहरू नगर में स्थित प्राईमरी स्कूल पुराने पुल के पास, दिनांक 09 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 05 मोहल्ला बड़ापुरा में स्थित अम्बेडकर पार्क के पास, झाँसीपुरा में लगेगा।

---

### युवती की पुलिस ने नहीं सुनी शिकायत, अब न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

# डिग्री कराने व नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत जगदीश मंदिर के पीछे रहने वाली कु.मान्या सोनी पुत्री अनिल कुमार सोनी ने सीजेएम न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत किया है। दायर किये गये वाद में कु.मान्या सोनी ने बताया कि उसके घर से 50 मीटर की दूरी पर रहने वाले दीपक तिवारी से उसके पिता का मेलजोल था।

आरोप है कि दीपक तिवारी जालसाज व्यक्ति है और उस पर धोखाधड़ी, चैक बाउन्स के अलावा अन्य मुकद्दमें चल रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि दीपक तिवारी पुत्र कैलाश नारायण तिवारी, वन्दना तिवारी पत्नी दीपक तिवारी, पुत्र संस्कार तिवारी सभी वाटर वर्क्स के सामने गली में रहते हैं। करीब दो तीन वर्ष पहले उक्त लोगों ने घर आकर पढ़ाई करने की बात कहते हुये यूनीवर्सिटी में बीएससी माइको बायलॉजी की पढ़ाई कराने की बात कही और नौकरी भी लगवाने की बात कही। युवती ने बताया कि विश्वास में आयी तो उनसे 4 लाख रुपये किश्तों में अलग-अलग देने की मांग की गयी। इस पर संस्कार के फोन-पे खाते में 29 अगस्त 2023 को 2900 रुपये डलवा लिये और इसी प्रकार दो वर्षों तक विभिन्न तिथियों में लगभग 3.60 लाख रुपये नकद के तौर पर 40 हजार रुपये ले लिये। जिसका फोन-पे पर रिकॉर्ड सुरक्षित है। अंतिम फोन-पे 14 जुलाई 2025 को 14 हजार रुपये का है। रुपये देने के बाद जब उसने नौकरी दिलाने की बात कही तो दीपक तिवारी ने 15-20 दिन में ज्वाइनिंग लैटर देने की बात कही।

---

# वार्ड-17 पार्षद को मातृशोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रेस क्लब के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार एवं सिविल लाइन द्वितीय वार्ड नंगर 17 से पार्षद की पूज्यनीय माताजी का आकस्मिक निधन होने से शोक की लहर दौड़ गई। शहर के अनेक समाजसेवी, पत्रकार बंधु, राजनैतिक दलों के नेतागण सहित उनके शुभचिंतक अंतिम यात्रा में शामिल हुए। अंतिम संस्कार के उपरांत मुक्तिधाम पर एक शोक सभा का आयोजन हुआ, जहां उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण का दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ पत्रकार राजीव कुमार शुक्ला, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, नरेन्द्र कडंकी, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, हरीबाबू शर्मा, नसीम खान, अजित भारती, पत्रकार मनोज वैद्य, आशीष चौबे, रमेश रायकवार, आलोक चौबे, पार्षद रमेश गांधी, हरदयाल लोधी, अरविन्द राजा, सुधीर निगम अक्कू, उमाकांत शर्मा, रवि जैन चुनगी, पूर्व पार्षद पंकज जैन मोदी, आलोक मयूर, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, दिनेश संज्ञा, बृजेश पंथ, अज्जू बाबा, अनूप मोदी, अफजुल रहमान आदि लोग शामिल थे।

---

### निकाली गई भव्य भगवा रैली, बैठक के दौरान लिए कई फैसले

# बजरंग सेना का विस्तार नवनियुक्तों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बजरंग सेना संगठन की समीक्षा बैठक और नव नियुक्त पदाधिकारीयो का स्वागत सम्मान बेर के बब्बा के मंदिर ग्राम गौना कुसमाड़ में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा और जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर उपस्थित रहे..बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत अध्यक्ष गौना अंकित दुबे ने की।

बैठक के पूर्व ग्राम पंचायत गौना के सदस्यों द्वारा भव्य विशाल भगवा रैली निकाली गई जो गौना बस स्टैंड से पूरे गांव में होती हुई बेर के बब्बा जू के मंदिर पर सम्पन्न हुई डीजे डोल आदि के साथ झूमते हुए जय श्री राम के नारों से सभी हर्षोल्लास के साथ नाचते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुवात श्री हनुमान चालीसा जी के पाठ से हुई सभी बजरंग सेना के पदाधिकारियों सदस्यों से सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा जी का पाठ किया बैठक का संचालन दीपक त्रिपाठी पंडा ने किया। पधारे हुए अतिथियों का ग्राम पंचायत गौना के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण तिलक लगाकर शाल आदि स्मृति चिन्ह भेंट कर पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर से विचार विमर्श करते हुए जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर द्वारा ग्राम पंचायत गौना का विस्तार करते हुए समस्त नव नियुक्त पदाधिकारीयो को धर्म पट्टी पहनाकर माला पहनाकर संगठन में शामिल करते हुए अंकित दुबे को ग्राम पंचायत अध्यक्ष रितेश दुबे ग्राम पंचायत प्रभारी ,डॉक्टर रानू दुबे,अरुण तिवारी, अमरेंद्र राजा बुंदेला, अमित दुबे, अरुण दुबे ,अजय दुबे, अंशुल दुबे ,अजय झा भगवानदास दुबे, अभिषेक असाटी ,चंद्रपाल पाल ,आशीष दुबे , वेद पांडे , रामकुमार विश्वकर्मा ,अमित कुमार जैन, सुरेश कुशवाहा ,अमन राजा, दिनेश दुबे ,अभिषेक राजा , अंकित राजा ,अभिषेक दुबे, पंकज दुबे ,अनुकूल राजा, विनोद कुशवाहा, को नियुक्ति पत्र वितरण किए गए।

प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी ग्राम पंचायत के नव नियुक्त पदाधिकारीयो को संगठन में नियमित रुप से कार्य करने और ग्राम पंचायत की सभी जनहित की समस्याओं को दूर करने के लिए अच्छे कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर द्वारा सभी पदाधिकारियों से हर मंगलवार श्री हनुमान चालीसा जी का पाठ और अपने अपने क्षेत्र में संगठन के विस्तार में सहयोग और एकजुटता के साथ कार्य करने के दिशा निर्देश दिए।

इस बैठक में मुख्य रूप से जिला मुख्य सलाहकार विकास सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ संतोष पटेरिया , मनविंदर कौर भाजपा नेत्री वरिष्ठ समाजसेवी, महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर, ममता तिवारी जिला प्रभारी महिला मोर्चा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गीता पटेल,नगर अध्यक्ष राजकुमारी दुबे,संजू सेन बुढ़वार जिला संगठन मंत्री,अजय दुबे जिला मंत्री, जितेन्द्र नायक जिला मंत्री,संजय सिंह लोधी जिला संगठन महामंत्री, जिला महासचिव शक्ति राजा परमार,आदर्श दुबे जिला प्रभारी युवा मोर्चा,अनुज प्रताप सिंह बुंदेला जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा,अनुराग विदुआ तहसील अध्यक्ष महरौनी, मोनू तिवारी तहसील अध्यक्ष ललितपुर,आयुष मिश्रा नगर अध्यक्ष मड़ावरा,पवन चौबे ग्राम पंचायत अध्यक्ष दावनी,अजय चौबे महामंत्री ग्राम पंचायत दावनी,रविन्द्र राजपूत ग्राम उपाध्यक्ष दावनी, दारा सिंह प्रजापति,मोहित राजपूत कुआं तला,राजकुमार कुशवाहा,पत्रकार सुमित रैकवार,पत्रकार रब्बू रिछारिया,आदि सभी पदाधिकारी मौजूद रहे..!!

